भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **2114**
सोमवार, **2** दिसम्बर, 2019/11 अग्रहायण, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात के उत्सवों और कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करना

2114. श्री मितेष पटेल (बकाभाई):

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास गुजरात सहित देश के सभी राज्यों में स्थित सभी ऐतिहासिक इमारतों का पूर्ण ब्यौरा है;

(ख) क्या किसी वेबसाइट पर इसका अपडेट है;

(ग) गुजरात में मनाए जाने वाले उत्सवों और कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या भविष्य में ऐसे कोई कदम उठाए जाएंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत गुजरात सहित केंद्रीय रूप से संरक्षित 3691 स्मारक/स्थल हैं । ब्यौरे संलग्न हैं । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत स्मारकों की सूची एएसआई की वेबसाइट **www.asi.nic.in** पर उलब्ध है ।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है तथा गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों के संवर्धन के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत प्रतिवर्ष घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन अभियानों को चलाता है । इसके अलावा, भारत तथा विदेश स्थित भारतपर्यटन कार्यालय विभिन्न राज्यों की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है । इन उद्देश्यों को एकीकृत विपणन तथा संवर्धनात्मक नीति तथा यात्रा व्यवसाय, राज्य सरकारों और विदेशों में भारतीय मिशनों के सहयोग से सहक्रियता अभियान के माध्यम से पूरे किए जाते हैं । विदेशों में किए गए संवर्धनात्मक प्रयासों के विशिष्ट कारकों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन तथा आउटडोर मीडिया में विज्ञापन, अंतर्राष्ट्रीय मेलों तथा प्रदर्शिनियों में भागीदारी, भारत को जाने सेमिनार, कार्यशालाएं, रोड शो तथा इंडिया ईविनंग का आयोजन, ब्रोशर समर्थन, ट्रैवल एजेंट/टूर ऑपरेटर्स के साथ संयुक्त विज्ञापन, भारतीय भोजन एवं संस्कृति उत्सवों को आयोजित

करना तथा समर्थन करना, ब्रोशर का प्रकाशन तथा टूर ऑपरेटरों, मीडिया के लोगों, विचारकों आदि को मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के अंतर्गत देश की यात्रा करने के लिए आमंत्रित करना शामिल है।

बाजार विकास सहायता योजना के अंतर्गत अनुमोदित सेवा प्रदाताओं तथा राज्य सरकारों/संघ राज्यों को उनके द्वारा विदेशी बाजारों में किए गए संवर्धनात्मक कार्यकलापों जैसे कि बिक्री दौरे, यात्रा मेलों/प्रदर्शिनियों तथा रोड शो में भाग लेने के लिए वित्तीय समर्थन भी दिया जाता है ।

****

अनुबंध

गुजरात के उत्सवों और कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने के संबंध में दिनांक 02.12.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 2114 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

देश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकार क्षेत्र के तहत केंद्र संरक्षित स्मारकों/स्थलों की संख्या का सार

क्र. सं.	राज्य का नाम	स्मारकों के संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	129
2.	अरुणाचल प्रदेश	03
3.	असम	55
4.	बिहार	70
5.	छत्तीसगढ़	47
6.	दमन और दीव (यूटी)	12
7.	गोवा	21
8.	गुजरात	203
9.	हरियाणा	91
10.	हिमाचल प्रदेश	40
11.	जम्मू और कश्मीर (यूटी)	56
12.	झारखंड	12
13.	कर्नाटक	506
14.	केरल	28
15.	लद्दाख (यूटी)	14
16.	मध्य प्रदेश	292
17.	महाराष्ट्र	286
18.	मणिपुर	01
19.	मेघालय	08
20.	मिजोरम	01
21.	नागालैंड	04
22.	एनसीटी दिल्ली	174
23.	ओडिशा	80
24.	पुदुचेरी (यूटी)	07
25.	पंजाब	33
26.	राजस्थान	163
27.	सिक्किम	03

28.	तेलंगाना	08
29.	तमिलनाडु	413
30.	त्रिपुरा	08
31.	उत्तर प्रदेश	745
32.	उत्तराखंड	42
33.	पश्चिम बंगाल	136
	कुल	3691

****